दिनांक - 11.06.2026 उत्तर प्रदेश में बाढ़ आपदा से निपटने की तैयारियों को परखने हेतु आज 44 जनपदों की 118 तहसीलों में राज्य स्तरीय मॉक ड्रिल 2026 का सफल आयोजन किया गया। एसडीआरएफ यूपी ने 16 जनपदों में अपनी प्रशिक्षित टीमों के साथ Search & Rescue, नाव संचालन, सुरक्षित निकासी, प्राथमिक उपचार एवं राहत कार्यों का वास्तविक परिस्थितियों के अनुरूप प्रदर्शन किया। यह अभ्यास विभिन्न विभागों एवं एजेंसियों के मध्य समन्वय, त्वरित प्रतिक्रिया एवं आपदा प्रबंधन क्षमता को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

